सीबीएसई/सीई/परीक्षा/2021/ दिनांक: 14 अप्रैल, 2021

अधिसूचना

महामारी और स्कूल बंद होने की वर्तमान स्थिति को देखते हुए तथा छात्रों की सुरक्षा और कल्याण को ध्यान में रखते हुए, निम्नानुसार तय किया जाता है:

04 मई से 14 जून, 2021 तक होने वाली बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित किया जाता है। ये परीक्षाएं कुछ समय के बाद आयोजित की जायेंगी। बोर्ड द्वारा 1 जून, 2021 को स्थिति की समीक्षा की जाएगी और इसका विवरण बाद में साझा किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से पहले कम से कम 15 दिन का नोटिस दिया जाएगा।

04 मई से 07 जून, 2021 तक होने वाली दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को रद्द किया जाता है। दसवीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा के परिणाम बोर्ड द्वारा विकसित किए जाने वाले वस्तुनिष्ठ मानदंड के आधार पर तैयार किए जाएंगे। कोई भी उम्मीदवार जो इस आधार पर उसे आवंटित अंकों से संतुष्ट नहीं है, उसे परीक्षा आयोजित करने के लिए अनुकूल परिस्थितियों होने पर होने वाली परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा।

-हस्ताक्षरित -
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक